तापमान

अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 18 सितंबर 2025



11 प्रतिभा खोज कार्यक्रम में अभ्युदय में दिखाई प्रतिभा





12 अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में न्याय दिलाने...




# प्रधानमंत्री मोदी के 75 वें जन्मदिन पर चलाया सफाई अभियान, लड्डू का प्रसाद बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

**सभी वार्डों में पार्षदों झाड़ू लेकर उतरे मेयर और पूर्व मंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत हवन यज्ञ, रक्दान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण एवं भंडारों में प्रसाद वितरण के साथ की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में भाग लिया। आर्य समाज सेक्टर 14 में आर्य समाज द्वारा आयोजित यज्ञ में आहुति डालकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई दी और लड्डू का प्रसाद वितरित किया। सेक्टर 14 मार्किट तथा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली के साथ पुरानी कचहरी से स्वच्छता अभियान की शुरआत की। स्वच्छता अभियान सभी वार्डों में पार्षदों के नेतृत्व में चलाया गया।



सोनीपत। स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाती पूर्व मंत्री साथ में मेयर एवं अन्य।

## 75 पौधे भी रोपे

शहर में नेताजी सुभाष चंद्र, सरदार पटेल, गांधी चौक, अरुड महाराज चौक पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई करके पुष्प अर्पित किये। आईटीआई परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर तथा सोनीपत ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आई टी आई परिसर में 75 पौधे भी रोपे गए, 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, 75 टूलकिट बांटी गई तथा 75 पुस्तकों का वितरण किया गया। कविता राजीव जैन ने इस अवसर पर कहा कि नरेंद्र मोदी देश में प्रशाशनिक वयवस्था के साथ साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, घर घर शौचालय एवं स्वच्छता जैसे मुद्दों पर मिशन की तरह काम करते हैं। आज उनके नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा है।

## सेवा पखवाड़ाः विशेष प्रचार अभियान शुरू

*सोनीपत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को शुरू किए गए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिला स्तर पर विशेष प्रचार अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान ने हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वैन को रवाना किया। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि विशेष प्रचार अभियान का उद्देश्य आमजन को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने कहा कि सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सूचना, जनसंपर्क एवं भाष विभाग द्वारा भजन तथा सांस्कृतिक पार्टीयों का गठन किया है, जो 02 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला के प्रत्येक गांव में लोगों को गीतों, भजनों व अन्य प्रकार से सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इस मौके पर नगराधीश डॉ. अनमोल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय से अधीक्षक नरेन्द्र दहिया, लेखाकार सोनू कुहाड़, कलाकार राजीव सहित अन्य कर्मचारी व भजन व सांस्कृतिक टीमों के सदस्य मौजूद रहे।*


सोनीपत। विशेष प्रचार अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी सुशील सारवान और अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

## खबर संक्षेप


सोनीपत। थाना शहर परिसर में पौधे रोपित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### थाना शहर परिसर में रोपे आंवला-बेलगिरी

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा शहर थाना परिसर में राजू सिंधु के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना परिसर में आंवला और बेलगिरी के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में एसआई सुशील, एसआई राजेश, एमएचसी दिनेश, नरेंद्र हुड्डा और सतीश दहिया ने सक्रिय भागीदारी निभाई। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा और सतीश दहिया ने भी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### वर्ल्ड ओजोन-डे महोत्सव डिबेट में प्रिया रही तृतीय



**सोनीपत।** अग्रवाल कालेज बल्लभगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय वर्ल्ड ओजोन-डे महोत्सव का आयोजन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। इनमें जीवीएम गर्ल्ज कालेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने डिबेट में तृतीय स्थान हासिल किया तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की कीर्ति को फोटोग्राफी स्पर्धा में सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। यह जानकारी संयोजक प्राध्यापिका डा. अनीता सैनी ने दी। इस मौके पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई दी।

**फर्जीवाड़े का काला खेल बेनकाब, गाड़ी छुड़वाते हुए पकड़े गए दो आरोपी जेल की हवा खाने पहुंचे**

# जाली हस्ताक्षर और नकली पावर ऑफ अटॉर्नी से छुड़वाते थे गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/खरखौदा

खरखौदा थाना पुलिस ने एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो जाली हस्ताक्षर और फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी से कोर्ट से जब्त गाड़ियों की सुपर्दारी करवाने का खेल खेल रहे थे। आरोपियों की पहचान गांव खांडा निवासी शमशेर और रविन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह मामला उस समय सामने आया जब एक मुकदमे में अवैध शराब से भरी दो कारों को पुलिस ने कब्जे में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि दोनों कारें क्रमशः झज्जर निवासी एक महिला और गोरखपुर (उप्र) निवासी आकाश चन्द के नाम रजिस्टर्ड थीं। कोर्ट में पेश पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर सुपर्दारी शमशेर और रविन्द्र के नाम पर करवाई गई। पुलिस का मानना है कि यह मामला सिर्फ दो कारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वाहनों की सुपर्दारी और अवैध कारोबार से जुड़ा रैकेट हो सकता है। पुलिस संजय और उसके बेटों की तलाश में जुटी है।



सोनीपत। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

### न्यायिक हिरासत जेल भेजा

दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायालय मे पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया है। - *हरिप्रकाश, उप निरीक्षक, खरखौदा थाना*

### अवैध शराब से भरी कारें बनीं सुराग

एक मुकदमे में पुलिस ने अवैध शराब से भरी दो कारें जब्त की थीं। ये गाड़ियां झज्जर निवासी महिला और गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) निवासी आकाश चन्द के नाम दर्ज थीं। मगर अदालत में पेश किए गए फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर सुपर्दारी शमशेर और रविन्द्र के नाम करवा ली गई। जांच अधिकारी उप निरीक्षक हरिप्रकाश ने बताया कि कार मालिक महिला ने लिखित बयान में साफ कहा कि उसकी गाड़ी 29 मार्च 2021 को एक्सीडेंट में टोटल लॉस हो गई थी। बीमा कंपनी ने गाड़ी स्क्रैप वालों को बेच दी थी। उसने किसी को भी पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं दी और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

### पुलिस जांच में आरोपियों ने किया खुलासा

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने शपथ पत्र में स्वीकार किया कि उन्होंने गांव के संजय और उसके बेटों अमन व रोहित के कहने पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। गाड़ियां छुड़वाकर इन्हें हवाले किया गया।

**भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने पौधे रोपे**

# स्वच्छ और हरित पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


गन्नौर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गन्नौर से पूर्व में प्रत्याशी रहे देवेन्द्र कौशिक अम्बेडकर भवन में पौधरोपण करते। *फोटो: हरिभूमि*

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गन्नौर से पूर्व में रहे प्रत्याशी देवेन्द्र कौशिक ने पौधारोपण करते हुए कहा कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। कौशिक ने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करें और लगाए गए पौधों की देखभाल का भी संकल्प लें। देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि पेड़-पौधे ही जीवन का आधार हैं और हमें ऑक्सीजन इन्हीं से प्राप्त होती है, इसलिए वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री की दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीरज ठरू,मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक,दीपक कामी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फर्जी बिल और लीव इनकैशमेंट घोटाले में आरोपित गिरफ्तार 1.45 करोड़ का गबन उजागर

**सोनीपत।** सरकारी स्कूल के शासकीय धन का गबन करने के बड़े मामले का खुलासा करते हुए थाना कुण्डली पुलिस ने फर्जी बिल और लीव इनकैशमेंट तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस को छह दिन का रिमांड मिला है। आरोपित ने ऑनलाइन फ्रॉड के जरिए सरकारी निधि को अपने व अन्य फर्जी खातों में ट्रांसफर किया था। थाना कुण्डली प्रभारी ने बताया कि आरोपित की पहचान मनोज आनंद उर्फ बिट्टू निवासी पटेल नगर, सोनीपत के रूप में हुई है।

■ कोर्ट ने आरोपित को छह दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

बारोटा स्थित सरकारी स्कूल की प्राचार्या भारती ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि रा.मा.वि. छत्तैहरा बहादुरपुर में सेवानिवृत्त अध्यापक के नाम पर 9,09,075 रुपये का फर्जी लीव इनकैशमेंट बिल तैयार किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि यह राशि महेन्द्र मलिक नामक फर्जी कर्मचारी के नाम पर जनरेट की गई थी। गहन जांच में सामने आया कि जुलाई 2021 से जून 2025 तक दोनों विद्यालयों से कुल 51 फर्जी बिल तैयार किए गए, जिनके जरिए लगभग 1.45 करोड़ का गबन किया गया। इनमें से 1.03 करोड़ विभिन्न फर्जी नामों, महिमा, दिव्या, निशांत अरोड़ा, भूपेंद्र कुमार, तृप्ता, संजय कुमार, पूनम और कृष्णा के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। जांच में पाया गया कि ये सभी नाम काल्पनिक थे और विद्यालय से कभी जुड़े नहीं थे।

# गोहाना–जुलाना मार्ग निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपये मंजूर

**गोहाना।** राज्य सरकार द्वारा गोहाना-बरोदा-जुलाना मार्ग के निर्माण की मांग को पूरा कर दिया गया है। मार्ग निर्माण के लिए 27 करोड़, 28 लाख, 72 हजार रुपये रुपये मंजूर किए गए हैं। बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि मार्ग निर्माण की मांग को उनके द्वारा कई बार विधानसभा व विधानसभा समितियों की बैठक में उठाया था। सडक़ निर्माण एस्टीमेट तैयार करवाने से लेकर मंजूरी तक की पूरी प्रक्रिया उन्होंने खुद अधिकारियों के साथ बैठकों के माध्यम से पूरी करवाई। इंदुराज नरवाल के अनुसार यह मार्ग पिछले काफी दिनों से जर्जर अवस्था में था। आबादी वाले क्षेत्रों में इस मार्ग को सीमेंट-कंक्रीट का बनाया जाएगा ताकि बरसात के दिनों में मार्ग पानी से खराब न हो। सडक़ की चौड़ाई 23 फुट रखी गई है जिससे लोगों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि उन्होंने इस विषय को कई बार विधानसभा सत्रों, विधानसभा समितियों की बैठकों, मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से मुलाकातों में मजबूती से उठाया गया था।


*विधायक इंदुराज नरवाल बोले, उन्होंने विधानसभा में उठाई थी सडक़ निर्माण की मांग*

**लीग मैच का चौथा सीजनः फ्रेंडली मैच से एचसीसीएल का आगाज**

# जिला प्रशासन ने हरियाणा सेलिब्रिटी को 28 रनों से हराया

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के चौथे सीजन की शुरुआत युनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में फ्रेंडली मैच से शुरू। मैच जिला प्रशासन व हरियाणा सेलिब्रिटी के टीमों के बीच हुआ। जिला प्रशासन की टीम ने हरियाणा सेलिब्रिटी टीम को 28 रनों से मात देते हुए पहले मैच में अपनी जीत का परचम लहराया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि नशे से दूर रहकर ही व्यक्ति जीवन में सफलता और सम्मान हासिल कर सकता है। फ्रेंडली मैच में जिला प्रशासन की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 ओवरों में 160 रन बनाए। ओपनर बल्लेबाज प्रवीण वर्मा व थाना प्रभारी गन्नौर धीरज चौधरी ने छक्कों-चौकों की बरसात की और पहले दो ओवरों में 50 रन बना दिए।


गन्नौर। क्रिकेट पिच पर हाथ आजमाते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली।

### थाना प्रभारी गन्नौर धीरज ने एकतरफा पारी खेलते हुए 90 रन बनाए



गन्नौर। जीत की ट्राफी उठा कर जश्न मनाती जिला प्रशासन की टीम।

इस दौरान थाना प्रभारी गन्नौर धीरज चौधरी ने एकतरफा पारी खेलते हुए 90 रन बनाएं और टीम को अंत तक संभाले रखा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई हरियाणा सेलिब्रिटी की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अंत में जीत जिला प्रशासन की टीम की हुई।




अनेक वजहों से आज के दौर में बहुत से लोग कब्ज की समस्या से ग्रस्त रहते हैं। इसके कारणों को जानकर आप कुछ उपायों पर अमल करके इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इनके बारे में जानिए।

## तब कब्ज नहीं करेगा परेशान

ट्रीटमेंट

शिखर चंद जैन



वर्तमान समय में कब्ज की समस्या लोगों में काफी बढ़ गई है। इसके कई कारण हैं। मुख्य रूप से हमारी आधुनिक जीवनशैली, बिगड़ा खान-पान और पर्यावरण में बदलाव इसके लिए जिम्मेदार हैं।

**अनहेल्दी डाइट:** फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती हुई आदत, फाइबर युक्त भोजन (जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी और और कम पोषक तत्वों वाले आहार का अधिक सेवन हमारी आंतों को नुकसान पहुंचाते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से मल नरम नहीं रहता और पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है। साथ ही अत्यधिक चीनी, वसा और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन का सेवन भी नुकसानदायक है।

**बदलती जीवनशैली:** शारीरिक गतिविधि की कमी जैसे लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना आदि से आंतों की गतिशीलता कम होती है। नींद पर्याप्त न लेना भी पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। व्यस्तता या सुविधाओं की कमी के कारण शौच की इच्छा को बार-बार दबाना भी एक बड़ी वजह है।



**मानसिक स्वास्थ्य:** आधुनिक जीवन का तनाव, चिंता और अवसाद पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। तनाव आंतों की गतिशीलता को कम कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आंत-मस्तिष्क संबंध को प्रभावित करती हैं।

**चिकित्सीय कारण:** कुछ दवाएं जैसे दर्द निवारक, एंटासिड, एंटी-डिप्रेसेंट और आयरन सप्लीमेंट्स कब्ज का कारण बन सकती हैं। मधुमेह, थायरॉइड और अन्य पुरानी बीमारियां भी पाचन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

**आयु और हार्मोनल बदलाव:** उम्र बढ़ने के साथ आंतों की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा गर्भावस्था, मासिक धर्म या रजोनिवृत्ति जैसे हार्मोनल बदलाव भी कब्ज को बढ़ा सकते हैं।

**समाधान के उपाय:** कब्ज से बचाव के कई उपाय हैं।

**चोकरयुक्त आटा:** डायबिटिक डाइटीशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट्स कहते हैं कि यदि 3 मुट्ठी आटे में एक मुट्ठी चोकर डालकर गूंधा जाए तो इस आटे से बनी चपाती अधिक संतुष्टि देती है। चोकरयुक्त आटे का इस्तेमाल किया जाए, तो रोटियां पौष्टिकता देने के साथ-साथ वजन भी कम करेंगी और पेट भी साफ रहेगा।

**ओट्स:** ओट्स में मौजूद घुलनशील डाइटरी फाइबर पाचन क्रिया को सुचारु रखता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है। इससे कब्ज की शिकायत नहीं रहती। यदि नाश्ते में सुबह केवल ओट्स लेते हैं, तो साथ में सूखे फल और ताजा मौसमी फल जैसे सेब, नाशपाती, आम, स्ट्राबेरी, केला, ब्लूबेरी इत्यादि अवश्य लें। ऐसा करना पौष्टिकता देने के साथ पेट भी साफ रखेगा।

**कुदरती उपचार:** सुबह उठते ही सीधे लेट जाएं, फिर एक तौलिया ठंडे पानी में भिगोकर पेट पर रखें। उसके ऊपर गरम शॉल लपेट लें। 10 मिनट के बाद ठंडा तौलिया हटाकर उस के स्थान पर गरम पानी में भीगा निचोड़ा हुआ तौलिया पेट पर रख कर उस के ऊपर शॉल लपेट कर 10-15 मिनट लेटें। शुरू-शुरू में यह प्रक्रिया हो सके तो 2-3 बार करें। आप देखेंगे बहुत जल्द ही आप के बॉवेल सिंड्रोम और बॉवेल मूवमेंट में फर्क पड़ेगा। सर्द-गरम पेट पर पट्टी लगाने और हल्की-फुल्की कसरत से भी लाभ होगा।

### ये भी आजमाएं

- फाइबरयुक्त आहार (जैसे हरी सब्जियां, फल, ओट्स, चिया सीड्स) का सेवन बढ़ाने से लाभ होगा।
- रोजाना 2-3 लीटर पानी पिएं।
- नियमित किसी भी तरह का व्यायाम करें, जैसे योग या तेज चलना।
- तनाव प्रबंधन के लिए ध्यान, योग या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं।
- शौच की इच्छा को नजरअंदाज न करें और नियमित समय पर शौच जाएं।
- आवश्यक हो तो चिकित्सक से सलाह लें, विशेष रूप से यदि कब्ज पुराना हो। *

**(आयुर्वेद-यूनानी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजन शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ.(प्रोफेसर) विनय गोयल
चेयरमैन-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोग दुनिया भर में डिमेंशिया (जिसका एक प्रमुख प्रकार अल्जाइमर डिजीज (संक्षेप में ए.डी. है) से पीड़ित हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से ही संबंधित होते हैं।

### क्या है अल्जाइमर

जर्मनी के प्रख्यात मनोचिकित्सक एलोइस अल्जाइमर ने अल्जाइर रोग की पहचान की थी। इसलिए उन्हीं के नाम पर इस मर्ज का नाम अल्जाइमर पड़ा, जिसे अंग्रेजी भाषा में 'अल्जाइमर्स डिजीज' या ए.डी. कहा जाता है। एलोइस अल्जाइमर ने कहा था कि जब युवावस्था की दोपहर के बाद जिंदगी की शाम होती है, तब यादें ही हमारा सहारा होती है। मन दुखद यादों को भूलना चाहता है और सुखद यादों में डूबना चाहता है। उम्र बढ़ने के साथ यादें हमारी साथी बन जाती हैं, लेकिन क्या होगा अगर याद्दाश्त खुद ही फीकी पड़ने लगे और खो जाए? अल्जाइमर रोग में यही होता है।

### समय रहते हो जाएं सचेत

डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का एक प्रमुख प्रकार है-अल्जाइमर। डिमेंशिया मस्तिष्क संबंधी विकारों का एक समूह है, जिसमें व्यक्ति की याद्दाश्त, सोच, भाषा और उसका कौशल क्षीण होने लगता है और उसके व्यक्तित्व एवं व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। डिमेंशिया के लगभग 60 फीसदी मामले अल्जाइमर से संबंधित होते हैं। गौरतलब है कि अल्जाइमर की समस्या रातों-रात नहीं होती। कई सालों के बाद यह रोग गंभीर रूप धारण करता है। समय रहते इस रोग का पता चलने पर पीड़ित व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) 8-10 साल से अधिक हो सकती है, हालांकि इसके अपवाद भी संभव हैं।

### रोग के कारण

बढ़ती उम्र यानी वृद्धावस्था (आमतौर पर 60 साल से अधिक) में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के मृत होने और इनमें असामान्य रूप से प्रोटीन के संचित होने को अल्जाइमर का कारण माना जाता है, लेकिन इस रोग के कारणों पर अभी तक शोध-अध्ययन जारी हैं।

### ये हैं प्रमुख लक्षण

- चंद दिनों पहले घटी घटना भी भूल जाना।
- हाल में ही संपर्क में आए लोगों के नामों को भी भूल जाना।
- समय और स्थान के बारे में असमंजस होना।

स्पेशल: वर्ल्ड अल्जाइमर-डे, 21 सितंबर

ओल्ड एज में न्यूरॉन्स के डैमेज होने और अन्य कुछ कारणों से व्यक्ति अल्जाइमर की गिरफ्त में आ सकता है। इससे उसकी मेमोरी पावर वीक होने लगती है और कई तरह की मेंटल प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इससे पेशेंट को नॉर्मल लाइफ जीने में परेशानी होती है। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों के साथ ही कुछ बातों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके प्रभाव को काफी कम किया जा सकता है। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## अल्जाइमर जब ओल्ड एज में मेमोरी पावर होने लगती है वीक



- अत्यंत गंभीर स्थिति में मरीज अपने परिजनों तक को नहीं पहचानता या फिर उनका नाम भूल जाता है।
- बोलते समय सही शब्द का चयन और उच्चारण करने में दिक्कत।
- नित्य क्रिया और दैनिक कार्य करने में कठिनाई जैसे कमीज के बटन बंद करने में दिक्कत महसूस करना आदि।
- लोगों का चेहरा पहचानने में परेशानी।
- पीड़ित व्यक्ति के व्यक्तित्व में नकारात्मक परिवर्तन होना।
- अल्जाइमर रोगी अकसर समाज से अलग-थलग पड़ जाते हैं। इस कारण ये अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं। क्रोध और चिड़चिड़ापन इनके स्वभाव का अंग बन जाता है।
- आमतौर पर अल्जाइमर के लक्षण इस बीमारी की अवस्था (स्टेज) पर निर्भर करते हैं। जैसे बीमारी के शुरुआती दौर में व्यक्ति नाम या स्थान को कुछ सेकेंड या मिनट के लिए भूल सकता है, लेकिन बीमारी की तीसरी अवस्था या स्टेज में व्यक्ति अपने घर वालों का नाम भी भूल सकता है।

### एजिंग प्रोसेस नहीं है अल्जाइमर

उम्र बढ़ने (आमतौर पर 60 साल के बाद) के साथ मस्तिष्क और शरीर की कार्यक्षमता निरंतर कम होती जाती है, जिसे एजिंग प्रोसेस कहा जाता है। इस दौरान व्यक्ति की याददाश्त कम होने लगती है, लेकिन उसे बोलते समय सही शब्द का चयन करने और दैनिक कार्यों को अंजाम देने में दिक्कत महसूस नहीं होती, जबकि अल्जाइमर की समस्या में उपरोक्त लक्षण सामने आते हैं।

### डायग्नोसिस के तरीके

न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा सबसे पहले मरीज का क्लीनिक में शारीरिक और मानसिक परीक्षण (जिसमें स्मृति परीक्षण भी शामिल है) किया जाता है। इसके अलावा मस्तिष्क में स्मृति से संबंधित कौन सा भाग कितना विकारग्रस्त है, यह जानने के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई या पीईटी स्कैन नामक परीक्षण कराए जाते हैं। कुछ मामलों में ईईजी टेस्ट भी कराते हैं।

### इलाज के बारे में

अल्जाइमर्स का कोई स्थाई इलाज नहीं है। अतीत में 'अमेरिकन ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' अल्जाइमर्स से संबंधित एक दवा को अनुमति प्रदान कर चुका है, जिसके क्लीनिकल ट्रायल जारी हैं। इस मर्ज में सिर्फ लक्षणों को कम करने के लिए कुछ विधियां और उपचार उपलब्ध हैं।

- अवसाद (डिप्रेशन) और मरीज की घबराहट को नियंत्रित करने के लिए दवाएं दी जाती हैं।
- उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर इसे नियंत्रित करने वाली दवाएं देते हैं।
- शारीरिक और मानसिक गतिविधियां रोगी की प्रतिदिन की गतिविधियों में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जैसे योगासन, प्राणायाम शारीरिक फिटनेस को बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।
- कुछ मानसिक अभ्यास जैसे सुडोकू, क्रॉसवर्ड, पहेली आदि मस्तिष्क को सक्रिय बनाए रखने में सहायक हैं।
- कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि नई भाषाएं सीखने से मस्तिष्क का अच्छा अभ्यास होता है और सीखने की इस प्रवृत्ति से अल्जाइमर्स की रोकथाम में मदद मिलती है।

### फैमिली सपोर्ट है इंपॉर्टेंट

अल्जाइमर न केवल रोगी को बल्कि उसके परिवार को भी प्रभावित करता है। इसलिए परिवार के सदस्य पीड़ित व्यक्ति के लिए वक्त निकालें,



उनसे बात करें और उनके साथ टहलें ताकि उनके तनाव को दूर करने में मदद मिले। डॉक्टर, दोस्त और पड़ोसी के रूप में हम मरीज की मदद कर सकते हैं।

### इन्हें है अल्जाइमर का अधिक रिस्क

- 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अल्जाइमर का जोखिम सर्वाधिक होता है।
- जिन लोगों के परिवार के किसी सदस्य को अतीत में अल्जाइमर की समस्या रही है, उनमें इस रोग के होने का जोखिम ज्यादा होता है।
- किसी व्यक्ति के शरीर में कुछ जींस ऐसे होते हैं, जो अल्जाइमर रोग के खतरे को बढ़ा देते हैं।
- जिन लोगों के मस्तिष्क में किसी दुर्घटना से गंभीर आघात लगा है या किन्ही कारणों से गंभीर चोट लगी है और ऐसे लोग दुर्घटना के बाद देर तक बेहोश रहे हैं, उनमें कालांतर में अल्जाइमर होने का जोखिम बढ़ जाता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



### पोषक तत्वों का सेवन लाभकारी

**अल्जाइमर की** रोकथाम या इस मर्ज की प्रक्रिया को धीमा करने में संतुलित और पौष्टिक खान-पान का भी महत्व होता है। इसके अलावा जो लोग अल्जाइमर से ग्रस्त हो चुके हैं, उन्हें और उनके परिजनों को भी मरीज के संदर्भ में संतुलित और पौष्टिक खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक और संतुलित आहार मस्तिष्क और इसकी कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) के क्रियाकलाप को सही तरीके से संचालित करने में मदद करता है। जैसे अखरोट के सेवन से याददाश्त को बरकरार रखने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो मस्तिष्क के क्रियाकलापों को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद करता है।
अखरोट के अलावा विटामिन बी 12 (जो मौसमी फलों, हरी सब्जियों और ड्राई फ्रूट्स में पाया जाता है), मछली, कीवी, अनार और विभिन्न रूपों में हल्दी का सेवन कमजोर होती याददाश्त को रोकने में सहायक हैं। हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है, जो याददाश्त को सशक्त बनाने में सहायक है।

---

सीजनल डिजीज



डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से होने वाले वायरल फीवर से पेशेंट लंबे समय तक ग्रस्त रह सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ यहां विस्तार से बचाव के बारे में भी बता रहे हैं।

## वायरल फीवर कर रहा है लंबे समय तक बीमार



इन दिनों कई इलाकों में वायरल फीवर के मामले बहुतायत में देखने को मिल रहे हैं। इसकी बड़ी वजह बारिश का दूसरे साल से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में होना और जगह-जगह जल-जमाव होना मानी जा रही है। बरसात के बाद के मॉयश्चरयुक्त आबोहवा में वायरस, बैक्टीरिया और मच्छर तेजी से मल्टीप्लाई करते हैं और उनके नए वेरिएंट्स भी पैदा होते हैं, जिनकी वजह से कई तरह के बुखार और बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक है-आजकल फैला वायरल फीवर। इस बार का वायरल फीवर एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट की वजह से फैल रहा है। इसकी पुष्टि मेडिकल साइंस मे बायोफार्मा टेस्ट से हुई है।

### वायरस के नए वेरिएंट के लक्षण हैं ज्यादा गंभीर

यूं तो वायरल फीवर हर साल बदलते मौसम में फैलता है, जिसमें मरीज आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाते थे। लेकिन एच3एन2 इंफ्लूएंजा-ए के नए वेरिएंट से पीड़ित कई मरीजों का बुखार पैरासिटामॉल या क्रोसिन जैसी दवाइयों से काबू नहीं हो पा रहा है। बुखार जल्दी नहीं उतरता, उतरने के कुछ समय बाद दुबारा आ जाता है। बुखार उतरने में 10-12 दिन लग रहे हैं। कुछ मामलों में तो यह बुखार 3 सप्ताह तक बना रहता है। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ रही है। यही नहीं कई मरीज ऐसे भी हैं, जिन्हें ठीक होने के बाद भी लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कुछ डॉक्टरों ने तो इस वायरल फीवर को क्रोसिन फेल फीवर का नाम दे दिया है।

### कैसे फैलता है यह वायरस

इंफ्लूएंजा एच3एन2 वायरस, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमित मरीज जब छींकता या खांसता है, तो ड्रॉपलेट एक मीटर के दायरे तक फैल जाते हैं और आस-पास मौजूद व्यक्ति के सांस लेने पर ड्रॉपलेट उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। या फिर संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने पर वायरसयुक्त ड्रॉपलेट किसी सतह या किसी चीज पर गिरते हैं, जिसे स्वस्थ व्यक्ति के छूने पर हाथ में ट्रांसफर हो जाते हैं और आंख-नाक-मुंह के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे में परिवार में एक से दूसरा व्यक्ति इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### क्या होते हैं लक्षण

संक्रमित व्यक्ति को तेज बुखार आता है। इसके साथ ही सिर दर्द, पूरे बदन का टूटना और दर्द होना, जबड़ों-गर्दन-कमर-जोड़ों में दर्द होना, उल्टी आना, खांसी-जुकाम होना, गले में खराश, बलगम, नाक बंद होना, सांस लेने में कठिनाई होना, भूख कम होना, पेट दर्द, डायरिया या लूज मोशन होना, बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याएं हो रही हैं।

### किन्हें है ज्यादा रिस्क

कमजोर इम्यूनिटी वाले छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं इस वायरस की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इम्यूनो कॉम्प्रोमाइज लोग यानी टीबी, अस्थमा या पहले फेफड़ों में इंफेक्शन, किडनी, कार्डिएक डिजीज जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है।

### उपचार के तरीके




**डॉक्टर मरीज** को ऑब्जर्व करके, पूरा एगजामिनेशन करके और एच3एन2 का बायोफार्मा टेस्ट करवाते हैं। इसके साथ एहतियातन टाइफायड, डेंगू, मलेरिया का टेस्ट भी कर सकते हैं। बुखार के लिए पैरासिटामोल, विटामिन सी देते हैं। कुछ लोगों को एंटीबायोटिक दवाइयां भी देने की जरूरत पड़ती है ताकि आगे जाकर सेकेंड इंफेक्शन न हो। मरीज को पूरा आराम करने, बलगम ज्यादा होने पर स्टीम लेने, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी भरपूर मात्रा में पीने और लिक्विड डाइट लेने की सलाह दी जाती है।

### कब करें डॉक्टर से कंसल्ट

अगर बुखार 3 दिन से ज्यादा बना हुआ है और पैरासिटामोल लेने के बाद भी काबू में नहीं आ रहा तो यह साधारण वायरल फीवर नहीं है, तब देर न करें, तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

### कैसे करें बचाव

- अपनी इम्यूनिटी मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
- घर का बना ताजा, गर्म, पौष्टिक और संतुलित खाना खाएं। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मौसमी और ताजी फल-सब्जियों का सेवन करें। अदरक, लहसुन जैसी चीजों को अपने आहार में जरूर शामिल करें। खट्टे फल, फ्रिज में रखा ठंडा जूस, कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम से परहेज करें। खटाई, दही जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें। ज्यादा से ज्यादा पानी और लिक्विड डाइट का सेवन करें। यथासंभव गुनगुना पानी पिएं।
- बरसात में भीगने की स्थिति में गर्म पानी से जरूर नहाएं। सिर और बाल अच्छी तरह धोकर सुखाएं। चाय-कॉफी-कहवा जैसे गर्म पेय लें। केसर वाला दूध या चाय पीने से आराम मिलता है।



- रेगुलर वर्कआउट, व्यायाम, शुद्ध-साफ हवा में सांस लें, योग करें।
- बदलते मौसम में फ्लू से बचने के लिए न्यूमोकोकल इंफ्लूएजा वैक्सीन हर साल जरूर लगवाएं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए जरूरी है।
- फ्लू होने पर अपने आपको आइसोलेट करें ताकि दूसरे लोग संक्रमित न हो पाएं। जितना जल्दी हो सके, डॉक्टर से कंसल्ट करें। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाइयां न लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

---

सजेशन

निकिता चौहान

कुछ युवा पुरुष मस्कुलर बॉडी की चाहत में बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए प्रोटीन की ओवरडोज लेने लगते हैं। इससे क्या नुकसान हो सकते हैं और इससे बचाव के लिए क्या करें, आपको जरूर जानना चाहिए।

## सही मात्रा में करें प्रोटीन का सेवन

एक हेल्दी शरीर के लिए हमें प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट और विटामिंस सभी पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। सभी न्यूट्रिएंट की एक निश्चित मात्रा में जरूरत होती है। प्रोटीन एक इंपॉर्टेंट न्यूट्रिएंट है, जो टिश्यू के निर्माण और रिपेयर, एंजाइम और हार्मोन को बनाने और शरीर के लिए कई तरह के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन कई पुरुष अपनी मस्कुलर बॉडी बनाने के लिए अपनी डाइट में प्रोटीन को बहुत ज्यादा मात्रा में लेने लगते हैं। किसी भी चीज का ज्यादा सेवन शरीर पर कई दुष्प्रभाव डाल सकता है। खासतौर पर पुरुषों की प्रजनन क्षमता पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है और लंबे समय तक ज्यादा प्रोटीन लेने से शुक्राणुओं (स्पर्म) की संख्या कम हो सकती है। इसलिए इस बारे में सावधान रहें।

**किडनी पर पड़ता है दबाव:** प्रोटीन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, इम्यूनिटी बढ़ती है और कसरत करने के बाद रिकवरी होती है। लेकिन जब यह बहुत ज्यादा लिया जाता है, खासकर पावडर या प्रोसेस्ड सोर्स के रूप में तो किडनी पर दबाव पड़ता है, हार्मोन बिगड़ सकते हैं और शुक्राणु बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

**डाइजेस्टिव सिस्टम होता है खराब:** प्रोटीन का ज्यादा सेवन करने से पाचन सबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। आप प्रोटीन को फाइबर के साथ लें, इससे आपका पाचन बेहतर होगा और साथ ही इससे स्पर्म काउंट बढ़ता है। फाइबर स्वस्थ पाचन के लिए आवश्यक होता है।

**हाईड्रेट रहें:** ज्यादा प्रोटीन का सेवन करने से डिहाइड्रेशन हो सकता है। इसके लिए जरूरी है कि खूब पानी पिएं। जितना हो सके तरल पदार्थ अपनी डाइट में शामिल करें।



**ऐसे करें प्रोटीन का सेवन:** अगर आप प्रोटीन के फायदों को बिना किसी दुष्प्रभाव के प्राप्त करना चाहते हैं तो आप ध्यान रखें कि अपने डाइट में प्रोटीन का सेवन कुछ इस तरीके से करें कि प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व बैलेंस्ड रहें। भरपूर मात्रा में फल और सब्जियों का सेवन करें। इनमें विटामिन, खनिज और फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो हेल्थ के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। आप सप्लीमेंट्स के बजाय फलों, सब्जियों, अनाज, अंडे, मछली, दालें और मेवों से प्रोटीन ले सकते हैं। जितना हो सके उतना फिजिकल वर्कआउट करें। अगर आप रेडीमेड प्रोटीन पावडर का इस्तेमाल करते हैं तो ध्यान रखें उसमें बहुत ज्यादा शुगर होता है, जिस कारण आपके स्पर्म काउंट कम हो सकते हैं और प्रजनन क्षमता भी घटती है। इसलिए बगैर डॉक्टर से पूछे प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन ना करें। नेचुरल तरीकों से ही प्रोटीन का सेवन करें। अपने लिए प्रोटीन की सही मात्रा जानने के लिए एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। *

**(गुरुग्राम स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. रश्मि अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पूर्ण मूर्ति कैंपस में पीएम का जन्मदिन मनाया

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी का 75 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया । चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ केक काटकर पीएम मोदी के स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। कैंपस में भगवान विश्वकर्मा पूजा भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि विधान से इंजीनियरिंग लैबों में मौजूद औजार व मशीनों का पूजन हुआ व हवन यज्ञ कर सभी की सुख-समृद्धि की कामना की।

### एनएसएस समाजसेवा में सुनहरा अवसर

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां से एनएसएस की दस स्वयंसेविकाएं प्री-गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में भाग लेने के लिए बुधवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (जिला रेवाड़ी) पहुंची। छात्राओं के दल को महिला विवि की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बबीता ने रवाना किया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। हमें गर्व है कि हमारी छात्राएं विभिन्न स्तरों पर निरंतर विवि का नाम रोशन कर रही हैं।

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 8 पदक

**खरखौदा।** सीबीएसई नॉर्थ जोन जूडो चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 पदक हासिल किए। इनमें 2 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में प्रताप डागर (90 किग्रा अंडर-19) और स्नेहा (70 किग्रा अंडर-19) ने प्रताप स्कूल का नाम रोशन किया। रजत पदक विजेताओं में मयंक सांगवान (73 किग्रा अंडर-17), जतिन (+90 किग्रा अंडर-17), विशवजीत मलिक (50 किग्रा अंडर-14) और विशाल सांगवान (+90 किग्रा अंडर-19) रहे। वहीं, कांस्य पदक खुशाल राठी (45 किग्रा अंडर-17) और मनदीप मलिक (50 किग्रा अंडर-14) ने जीता।

### वार्षिकोत्सव का आयोजन किया

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर 14 सोनीपत में 39 वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को तीसरे दिन कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रधान रवीन्द्र आर्य की अध्यक्षता और आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में हुआ है। यज्ञोत्सव में निगम के महापौर राजीव जैन, उनकी पत्नी पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, वरिष्ठ नागरिक परिषद के प्रदान बीआर आहूजा, नारी सशक्तिकरण संगठन की चेयरमैन शालू तथा इनरव्हील क्लब की प्रधान विभा कुमार तथा उप प्रधान ऊषा तथा गणमान्य ने यज्ञ हवन में आहुति प्रदान की।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 32 बोर का देशी पिस्तौल और दो जिंदा राउंड बरामद किए। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुमित उर्फ बिट्टू निवासी दिल्ली रोड, खरखौदा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को मुख्य सिपाही जगप्रीत और उनकी टीम गश्त पर थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि एक युवक जलघर, खरखौदा के पास अवैध पिस्तौल के साथ मौजूद है।

### अश्लील फोटो वायरल पर अज्ञात के खिलाफ केस

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के सबोली में लड़कियों की अश्लील फोटो बनाकर उन्हें सोशल साइटों पर वायरल करने का मामला सामने आया है। संबंध में गांव के ही एक युवक ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें अज्ञात पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा गांव की कुछ लड़कियों की अश्लील तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही हैं। कुंडली थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

*नई अनाज मंडी में पूजा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक*

# भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम इंजीनियर-शिल्पकार : कादियान

*विश्वकर्मा भगवान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने हुनर का उपयोग करें*

**विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति ने किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति पदाधिकारी विधायक देवेंद्र कादियान का स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत करते हुए।

समस्त विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति गन्नौर द्वारा नई अनाज मंडी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से हुआ। इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। विधायक का समिति के प्रधान सतीश जांगड़ा, महासचिव जोगिन्द्र धीमान, सरक्षक प्रेमचंद दास, उपप्रधान पलटू दास, महासचिव मनोज पंवार, दिलावर ठेकेदार, दिनेश धीमान आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान को सृष्टि का प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार माना जाता है। कादियान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने में विश्वकर्मा समाज की भूमिका बेहद अहम है। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारा लगाया गया । मौके पर कोषाध्यक्ष इन्द्रजीत कश्यप, उप सचिव दिनेश धीमान, सह-कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, नन्द किशोर के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया। महासचिव जोगिन्द्र धीमान, सरक्षक प्रेमचंद दास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**हवन में आहुति देते**



### विश्वकर्मा को नमन किया

**गोहाना।** आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में मिल के अधिकारियों व कर्मियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर भगवान विश्वकर्मा को नमन किया। चीनी मिल की एमडी अंकिता वर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा निर्माण एवं सृजन के देवता माने जाते हैं। वास्तुशास्त्र के जनक भी वही थे। हर वर्ष विश्वकर्मा जयंती पर औजार, मशीनों और औद्योगिक इकाइयों की पूजा की जाती है। हवन में मिल के मुख्य लेखा अधिकारी जितेंद्र शर्मा, मुख्य अभियंता अनिल चौहान, मुख्य रसायनिज्ञ सुरेंद्र खेरवाल, क्रय अधिकारी संदीप मौजूद रहे।

# भगत फूल सिंह के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें : प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



दीप प्रज्वलन सेकार्यक्रम का शुभारम्भ करते प्रताप सिंह, कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में बुधवार को युवा एवं सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और समाजसेवी सुमित सहगल रहे। मुख्य अतिथि सामाजिक चिंतक एवं समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि महिला विवि एक भगत फूल सिंह की एक तपोस्थली है। हम सब को उनके जीवन परिचय को पढना चाहिए। हमें उनके आदर्शों का अनुकरण करके आगे बढना चाहिए।

### सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरकः कुलपति

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सेवा व शिक्षा एक दूसरे के पूरक है। शिक्षा बिना सेवा भाव के पूर्ण नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि भगत फूल सिंह दूरदर्शी सोच के महापुरुष थे। अगर उन्होंने नारी शिक्षा का सपना ना देखा होता तो आज भारत की बहुत सारी महिलाएं शिक्षा से वंचित रह जाती। युवा एवं सेवा फाउंडेशन से डॉ. योगेश यादव भी मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता।

### हैदराबाद विलय दिवस पर कार्यक्रम

**सोनीपत।** काठ मण्डी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को हैदराबाद के विलय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आंदोलनकारियों के सहयोग पर प्रकाश डाला गया। हिन्दी अध्यापिका चांदकौर ने कहा कि सन 1938 में अंग्रेजों व हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान ने वहां के लोगों पर अत्याचार किए। इसके विरोध में आर्य समाज ने आंदोलन शुरू किया। हरियाणा भर से असंख्य लोग जत्थे लेकर गए और अपनी गिरफ्तारी दी। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन में सोनीपत के गांव रोहट से माल्हेराम, कासेंढी के जयलाल, लखी, माइधन, धर्मपाल, उजाला, हजारी, गंगाना से भूपाल, जागसी के भजनानन्द, खानपुर के कन्हैया, मूला आदि सत्याग्रही पहुंचे जिन्होंने हैदराबाद में निजाम की जेल काटी। जेल में निजाम ने आंदोलनकारियों को खूब यातनाएं दी लेकिन आर्य समाज के सत्याग्रही झुके नहीं। आखिरकार, निजाम को झुकना पड़ा। उसी आंदोलन का परिणाम था कि 17 सितम्बर 1948 को हैदराबाद का भारत में विलय हुआ।

### भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर हवन

**सोनीपत।** कालूपुर चुंगी स्थित विश्वकर्मा चौक पर समाज के लोगों की ओर से भगवान विश्वकर्मा जयंती पर हवन किया गया। साथ ही उन्होंने हवन में आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। जांगड़ा समाज के पूर्व जिला प्रधान भले राम जांगड़ा ने बताया कि हिंदू धर्म में भगवान विश्वकर्मा सनातन धर्म के पुजारी थे। उन्होंने विश्व सृष्टि की रचना की। इस अवसर पर जिला प्रधान श्यामलाल जांगड़ा, हरिओम जांगड़ा, बिल्लू पांचाल, अतर सिंह जांगड़ा, डॉ. रघुवीर सिंह, सतपाल जांगड़ा, राजकुमार पांचाल, वेदप्रकाश जांगड़ा, त्रिलोक पांचाल, साहब सिंह, रमेश ठेकेदार, कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में एस आई राजेश व कांस्टेबल सुरेश कुमार द्वारा विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए प्रेरित किया गया। नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु व अन्य अध्यापक शामिल रहे।



खरखौदा। विद्यार्थियों को जानकारी देते एसआई राजेश। *फोटो :हरिभूमि*



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद ग्रहण करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### भगवान विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना की


**सोनीपत।** देवड़ू रोड स्थित दिल्ली विद्यापीठ में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई। विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी, प्रधानाचार्या अराधना ग्रोवर, प्रिय दर्शन (उप प्रधानाचार्य), सत्यप्रिय के सानिध्य में ठेकेदार जीवा, मिस्त्री दिलीप, मिस्त्री जयकांत, उमेश, रामानंद ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना और पूजा अर्चना की। इसके बाद संचालक और प्रधानाचार्या ने बच्चों को बताया कि ब्रह्मा ने आज के दिन ही भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि की रचना करने का आदेश दिया था और भगवान विश्वकर्मा ने अपने कौशल से पहाड़, नदिया, पेड़ पौधे, सहित पूरी सृष्टि की रचना की थी। फिर उन्होंने भवनों के निर्माण में अपना कौशल दिखाया। उनके सम्मान में ही यह दिन मनाया जाता है। प्राचीन शिल्पकारों और कारीगर समुदाय में इस दिन कार्य स्थलो, यंत्रों, औजारों आदि की पूजा की जाती हैं। कारीगर समुदाय भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना करके धूमधाम से उनकी पूजा अर्चना करते हैं। विद्यालय में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों सहित अध्यापक वर्ग और अभिभावकों ने प्रसाद खाया।

### सीआर कालेज के चारों स्वयंसेवक चयनित

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल कैंप आयोजित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने बताया कि परेड ट्रायल का आयोजन विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया गया। इस ट्रायल में कुल 21 कॉलेजों के 83 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसमें छोटूराम आर्य महाविद्यालय सोनीपत से एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर डॉ. ऊषा दहिया के नेतृत्व में टीम में शामिल रहे चारों स्वयंसेवकों निकिता, हिमांशु, भानू व शिवम का चयन प्री-आरडी ट्रायल में हुआ। महाविद्यालय में लौटने पर प्राचार्य डॉ. जेएस फोर ने स्वागत किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अभिमन्यु मलिक विषेश सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक साथ में अन्य।



सोनीपत। हवन के दौरान कर्मियों को संबोधित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### विश्वकर्मा दिवस पर किया हवन

**सोनीपत।** विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर बुधवार को सोनीपत चीनी मिल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर कारखाने में तैनात कर्मचारियों के साथ-साथ चीनी मिल के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। चीनी मिल के महाप्रबंधक के तौर पर कार्यभार संभाल रही अंकित वर्मा ने सभी कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। महाप्रबंधक ने कहा कि विश्वकर्मा दिवस मेहनतकश कर्मचारियों और कारीगरों के योगदान को सम्मान देने का दिन है। हवन यज्ञ के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल रहा। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने महाप्रबंधक का धन्यवाद किया।



खरखौदा। प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के मार्गदर्शन में विभिन्न संकायों बीए , बीसीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, बीकॉम और बी वोकेशनल होटल प्रबंधन और स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन, फिजियोथेरेपी विभागों द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। डॉ. किरण सरोहा ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीए की पार्टी में निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. शालिनी, डॉ. अंजु तथा रीनू रहीं। बीए से मिस फ्रेशर पारुल, मिस चार्मिंग लकी, मिस पर्सनालिटी नेहा, मिस ब्यूटीफुल सलोनी, मिस इंटेलिजेंट साक्षी रही। कंप्यूटर साइंस विभाग से मिस फ्रेशर नैंसी, मिस ब्यूटीफुल खुशी, मिस टैलेंटेड अपेक्षा रहीं। एम एससी कंप्यूटर साइंस विभाग से मिस फ्रेशर सोमवती, मिस ब्यूटीफुल चित्रा, मिस टैलेंटेड शीतल रही।

# प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन सुना

- महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



राई। उपायुक्त सुशील सारवन के नेतृत्व में पौधारोपण करते हुए, साथ में जखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल व भाजपा पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

बढखालसा स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन सामूहिक रूप से सुना गया। इस मौके पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, उपायुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित, सीएमओ सोनीपत, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल, पखवाड़ा जिला संयोजक अजय दहिया भी मौजूद रहे। बढखालसा स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा के तहत के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर आधारित लाइव संबोधन सामूहिक रूप से सुना गया, जिसमें उन्होंने नारी शक्ति के महत्व और स्वस्थ समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर राई विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष और जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



गोहाना। विद्यार्थियों के प्रदर्शन का अवलोकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य।

### प्रतिभा खोज कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम अभ्युदय का बुधवार को रंगारंग रूप से समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृति कार्यक्रमों में हरियाणवी लोक नृत्य व गायन सहित अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी कला का जलवा बिखेरा। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार ने की। संयोजन सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. सरिता मलिक का रहा। मुख्य अतिथि सैनी महाविद्यालय, रोहतक के प्राचार्य प्रो. (डॉ) भीम सिंह पंवार ने विद्यार्थियों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रो. कपूर सिंह ढाका ने अपने व्यक्तिगत अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। समारोह में ललित कला व साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इनमें पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, कार्टूनिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज, फोटोग्राफी, भाषण, वाद-विवाद व संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा की अनूठी झलक दिखाई।

*राज्य स्तरीय साफ्टबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा*

# जीवन में अनुशासन का होना जरूरी: मनोज

- रौनक पब्लिक स्कूल के खेल परिसर में किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। प्रतियोगिता की विजेता टीम के साथ ओलंपियन बाक्सर मनोज कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अजाद दहिया व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

रौनक पब्लिक स्कूल के खेल परिसर मे शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय साफ्टबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ओलंपियन बाक्सर मनोज व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी विजेंद्र महला, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मुकेश महला विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुचने पर स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने पगड़ी पहनाकर अथितियों का स्वागत किया। ओलंपियन मनोज कुमार ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। खेलों में अनुशासन, कड़ी मेहनत व लग्न से ही महान खिलाड़ी बन जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया, अनिल शर्मा, पीटीआई देवेंद्र कटारिया, राजीव मिश्रा, प्रमोद कौशिक, गोविंद आदि मौजूद रहे।

### अंडर 14 में यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में अंडर-14 में झज्जर ने कैथल को 2-0 से, जींद ने भिवानी को 9-2 से, फतेहाबाद ने करनाल को 1-0 से, फरीदाबाद ने यमुनानगर को 1-0 से, अंबाला को चरखी दादरी से वाकओवर मिला, कुरुक्षेत्र ने रोहतक को 3-2 से, सिरसा ने सोनीपत को 3-2 से ओर हिसार ने पानीपत को 4-0 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

### अंडर-17 के परिणाम

अंडर-17 में खेलते हुए झज्जर ने अंबाला को 4-1 से, हिसार ने कुरुक्षेत्र को 7-0 से, कैथल ने यमुनानगर को 1-0 से, रोहतक ने पंचकूला को 8-0 से और फरीदाबाद ने गुरुग्राम को 14 -11 हराकर अगले ग्राउंड में प्रवेश किया।

### अंडर-19 की विजेता टीमें

अंडर-19 में खेलते हुए पंचकूला ने अंबाला को 15 -0 से, झज्जर ने भिवानी को 10- 1 से, रोहतक ने करनाल को 4-0 से, हिसार ने फतेहाबाद को 2-0 से ओर रोहतक ने सोनीपत को 14-1 से हराया।



सोनीपत। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

### नरसिंह अवतार की कथा सुनाई

**सोनीपत।** शिव मन्दिर (शिव वाटिका) नंदवानी नगर में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के तीसरे दिन पण्डित विनय शर्मा ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि हिरना कश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। कथावाचक ने कहा कि भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को बचपन से ही संस्कार अवश्य दें।

**सूचना**

मैं, श्रीमति गीता पत्नी स्व. विरेन्द्र निवासी रोहना, तहसील खरखौदा, जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरी पुत्री निशु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 5 पदक

**सोनीपत।** एसडी पब्लिक स्कूल, ककराला, महेंद्रगढ़ में 10 सितंबर से 14 सितम्बर तक सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने खेलते हुए 3 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक व 1 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 500 बॉक्सरों से अधिक सभी राज्यों के सीबीएसई स्कूलों के बॉक्सरों ने भाग लिया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हितांशी द्वितीय

**गोहाना।** हरियाणा सरकार की युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने की पहल ने एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। 16 सितंबर को सोनीपत के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 22 अगस्त से 4 सितंबर तक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न संस्थागत प्रतियोगिताएं करवाई गई। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा हितांशी ने दूसरा और बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा स्वीटी ने इसी श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग उपचार शिविर संपन्न



**खरखौदा।** झिंझौली गांव स्थित सूर्या फाउंडेशन में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग उपचार आवासीय शिविर का आयोजन किया गया। इस उपचार शिविर में देश के 15 राज्यों से 55 साधकों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत बिरादार व सूर्या फाउंडेशन वाइस चेयरमैन हेमंत शर्मा द्वारा यज्ञ हवन के साथ किया गया। उपचार शिविर मे डॉ. देवाराम काकड़ के निर्देशन में साधकों को साधना स्थली के प्राकृतिक वातावरण में मिट्टी स्नान, भाप स्नान आदि प्राकृतिक उपचार दिया गया।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्दिवस

# मोदी ने भारत को दुनिया के मंच पर बनाया सशक्त: शर्मा

सेवा पखवाडा अभियान के तहत भगवान परशुराम चौक पर आयोजित रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसेवा के दौरान न केवल भारत को दुनिया के मंच पर सशक्त बनाया है अपितु देश में अपनी लोकहित योजनाओं के माध्यम से वंचित समुदाय व गरीब उत्थान को सुनिश्चित किया है। आज हम उनके जीवन से प्रेरणा लें कि समाज के अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाया जा सके। बुधवार को मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा अभियान के तहत भगवान परशुराम चौक पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।



**गोहाना।** पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान व अन्य रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### पीएम का जीवन हमारे लिए प्रेरणा

अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनसेवा को समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। एक अच्छे जनसेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत बनाया है। देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान पर लाना और शीघ्र लोकल फार वोकल अभियान के तहत इसे 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाना उनका संकल्प है। हमें मिलकर उनके संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाना है। इस अवसर पर भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, परमवीर सैनी, अरुण बड़ौक, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, प्रवीण खुराना, नरेन्द्र गहलावत, कुलदीप कौशिक, सुमित कक्कड़, डॉ. राममेहर राठी व सूरत सिंह मौजूद रहे।



**गन्नौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सेवा पखवाड़े के तहत गांव सांदल कला में सफाई अभियान का शुभारंभ करते । फोटो : हरिभूमि

### सेवा पखवाड़े का किया शुभारंभ

**गन्नौर।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा ने सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। गन्नौर विधानसभा के सांदल कला नवादा मे भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिसर से सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, महामंत्री दीपक नैन, अजय नैन, कार्यक्रम के मंडल संयोजक सुनिल सरपंच जिला, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा सुशीला शर्मा, पूर्व सरपंच राकेश राका, मामन बोस, विरेन्द्र लाकड़ा व राजेन्द्र सिसवाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।




**राई।** वार्ड नंबर 8, गांव राई में पार्षद पुनीत राई के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए । फोटो : हरिभूमि

### राई में स्वच्छता अभियान आयोजित

**राई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में वार्ड नंबर 8, गांव राई में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। पार्षद पुनीत राई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और नगर निगम कर्मचारियों ने मिलकर सफाई कार्य किया और क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सी एस आई कृष्णा कुमार, सुपरवाइजर नितिन तथा नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। अभियान की शुरुआत गांव के मुख्य चौक से की गई, जहां झाड़ू लगाकर, कचरा हटाकर और गंदगी को साफ किया गया। इसके बाद गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। पार्षद पुनीत राई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और समाजहित के कार्यों को समर्पित है। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से सफाई रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### विधायक कादियान ने दिया स्वच्छता का संदेश



**गन्नौर।** सेवा पखवाड़ा की शुरुआत करते विधायक देवेंद्र कादियान, नपा सचिव प्रदीप खर्ब।

**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगरपालिका गन्नौर ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। मुहिम का उद्घाटन विधायक देवेंद्र कादियान ने झाड़ू लगाकर और खुद कचरा उठाकर किया, जिससे उन्होंने स्वच्छता का एक सशक्त संदेश दिया। विधायक ने यह भी घोषणा की कि यह पखवाड़ा खत्म होने के बाद भी शहर के जिन हिस्सों में सफाई की कमी होगी, वहां हर 15 दिन में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान नपा सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, जेई अरविंद, एसआई पोशन मलिक, पार्षद दिनेश अदलखा, वरुण जैन पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, तरुण चुघ, हरीश मदान, प्रवीन कामरा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बहालगढ़ चौक पर चलाया स्वच्छता अभियान



**राई।** बहालगढ़ चौक पर भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाते हुए ।

*राई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बहालगढ़ चौक पर भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। आंतिल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए 'स्वच्छ भारत मिशन' को सफल बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि 'स्वच्छता ही सेवा है' का मंत्र केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प ले ले, तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बन सकता है। अभियान में झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर और चौक-चौराहों को साफ करके लोगों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा है और इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान का आयोजन किया गया।*



### विधायक ने कराया 1008 कुंडलीय यज्ञ

**खरखौदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर विधायक पवन खरखौदा की पहल पर स्थानीय अनाज मंडी में मंत्रोचार के साथ 1008 कुंडलीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुदेव हरिओम महाराज के सानिध्य में उक्त हवन यज्ञ संपन्न हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सोनीपत मेयर राजीव जैन, वरिष्ठ भाजपा नेत्री बबीता दहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने यज्ञ में आहुति दी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि मोदी के जन्मदिन को हवन यज्ञ, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान करके समाज के लिए प्रेरणादायी बनाया गया। हवन यज्ञ के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई।




**खरखौदा।** महिलाओं को जागरुक करते यूनियन के पदाधिकारी।

## बेटियों को समान अधिकार, शिक्षा व सम्मान से ही समाज का विकास संभव : सुनीता

**खरखौदा।** प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा द्वारा दो जत्थों के माध्यम से 1 सितम्बर से प्रदेश व्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूनियन का एक जत्था राज्य प्रधान सुनीता के नेतृत्व में खरखौदा पहुंचा। जिसमें यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष शुधा, राज्य सचिव कमलेश, अनीता, छवि, सुदेश, प्रमिला, सीटू नेता आनन्द शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। खरखौदा, फरमाणा, झरोठ गांव में लड़कियों के स्कूल में सभाएं की गई। ग्रामीणों एवं उपस्थित सभी बुजुर्गों, नौजवानों, महिलाओं ने आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा चलाए गए, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूक अभियान की सराहना की। राज्य प्रधान सुनीता, उपाध्यक्ष शुधा, सचिव कमलेश ने अपने विचार रखते हुए कन्या भ्रूण हत्या के सामाजिक कारणों और उसके दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।

### शिक्षक और छात्राओं ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग व महिला बहुतकनीकी संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी ने की। कार्यक्रम में स्टाफ एवं छात्राओं ने स्वच्छता, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता की शपथ ली। प्रो. जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 18 से 20 सितम्बर तक महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। 24 सितम्बर को मोदी के जीवन एवं विचारों पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 25 से 27 सितम्बर तक महाविद्यालय के गलियारे, कक्षाओं, शौचालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ।

# जनता को काम चाहिए, ड्रामा नहीं : कमल दिवान

साफ सुधरी जगह पर फोटो खिंचवाकर चलाया जा रहा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने नगर निगम और भाजपा नेताओं पर कड़े शब्दों में निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और टूटी सड़कों की समस्याओं से लोग रोजाना जूझ रहे हैं, लेकिन भाजपा नेता साफ-सुथरी सड़कों पर झाड़ू लगाकर केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। नगर निगम में रोजाना साफ-सफाई को लेकर सैकड़ों शिकायत पहुंच रही है। जनता को काम चाहिए है, जबकि भाजपा के नेता ड्रामा कर फोटो खिचवा रहे हैं।



**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर में फैली गंदा पानी।

### सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर



जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि शहर की प्रमुख सड़कों की हालत बेहद खराब है। आठ मरला, दिल्ली रोड और बस अड्डे के आसपास कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था का जिम्मा उठाने वाला नगर निगम सिर्फ कागजों में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन नजदीक है और शहर में कई धार्मिक कार्यक्रम और शोभायात्राएं निकाली जानी हैं। ऐसे समय में टूटी सड़कों और गंदगी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कमल दिवान ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता केवल फोटो खिंचवाने और प्रचार करने में लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सफाई व्यवस्था और सड़क मरम्मत पर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम कार्यालय का घेराव करेंगे।

## न्यूज डायरी

### टीकाराम कॉजेल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। प्राचार्य गीता ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। फ्रेशर पार्टी में छात्राओं ने नृत्य, गीत, कैटवॉक, फैशन शो और कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजक सीमा और सह संयोजक डॉ. सोनिया रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. नेहा, डॉ. दिव्या प्रभा, मीमांश ने निभाई। इस दौरान राशि को मिस टैलेंट, काजल को मिस पर्सनालिटी, प्रिया को मिस कैटवॉक, रीतू को मिस फ्रेशर, प्रिया कुमारी को मिस ब्यूटीफुल चुना गया। प्राचार्य ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### राष्ट्रीय पोषण माह पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**सोनीपत।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राम अवतार के दिशा-निर्देशन में सोनीपत जिले के विभिन्न स्थलों पर 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर, आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण, पौधारोपण, पौधों का वितरण और स्वच्छता जागरूकता अभियान प्रमुख रहे। आयुष चिकित्सकों द्वारा आहार और जीवनशैली परामर्श, योगाभ्यास और रोगानुसार योग की जानकारी भी दी गई। डा. राम अवतार ने शिविरों का निरीक्षण करते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की नींव है।

### प्रताप स्कूल में कराए जा रहे हरियाणा स्टेट स्कूल गर्ल्स रेसलिंग के मुकाबले

**खरखौदा ।** प्रताप स्कूल, खरखौदा में हरियाणा स्टेट स्कूल गर्ल्स रेसलिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर, प्राचार्या दया दहिया और अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने बाउट आरंभ करवाकर किया। अब तक प्राप्त परिणाम के अनुसार अंडर-14 वर्ग में सोनीपत ने प्रथम स्थान, रोहतक ने द्वितीय स्थान और हिसार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में 40 किग्रा भार वर्ग: सलोनी (करनाल), मीनाक्षी (सोनीपत), वंशिका (रोहतक), खुशी (हिसार) आदि सेमीफाइनल में पहुंची।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

# नारी ही समाज की मजबूती का आधार : मदान

- जिले में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि जिला स्तर पर स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के तहत जिला परिषद हॉल व गांव बढख़ालसा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान 16 अक्टूबर तक चलने वाले आठवें पोषण माह की भी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि नारी स्वस्थ होगी तो परिवार मजबूत होगा और परिवार मजबूत होगा तो समाज और राष्ट्र स्वतः सशक्त बनेगा।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते विधायक निखिल मदान।

### पीएम का जन्मदिन मनाया

कार्यक्रम के दौरान विधायक निखिल मदान ने उपस्थित महिलाओं के साथ केक काटकर मोदी का जन्मदिवस मनाया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विधायक निखिल मदान, उपायुक्त सुशील सारवान तथा अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीप्टी सीईओ ललिता वर्मा, पीओआईसीडीएस प्रवीण कुमारी, जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती बल्हारा, सीडीपीओ गीता गहलावत, निर्मला, आशा तथा मंजू सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**गोहाना।** भारती डबास को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए ज्वैलर्स।

## दुकानों पर उच्च गुणवत्ता के कैमरे व सायरन लगवाएं : पुलिस उपायुक्त

**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास ने बुधवार को ज्वेलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक की। बैठक में ज्वेलर्स की सुरक्षा और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम विषय पर चर्चा की। डबास ने ज्वेलर्स को सुरक्षा और सहयोग का भरोसा दिलाया। भारती डबास ने कहा कि व्यापारी अपने शोरूम व दुकानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगवाएं, जो पूरे परिसर को कवर करें। सीसीटीवी का बैकअप कम से कम एक माह तक सुरक्षित रखा जाए और डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। सभी कर्मचारियों का पुलिस चरित्र सत्यापन करवाना अनिवार्य किया जाए। नकद लेन-देन की बजाय डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दें।

**कार्यक्रम** | धूमधाम के साथ मनाया गन्नौर बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस

न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया भाग

# अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में न्याय दिलाने और लोगों के अधिकारों की रक्षा करने में सबसे अहम : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस बार परिसर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवनीत कौर उपस्थित रहीं। उनके साथ एडीजे नरेंद्र शर्मा, सीजेएम (डीएलएसए) पृच्छता सिंह, एसीजे एसडी विक्रांत, सीनियर डिवीजनल जज मानसी गौड़ तथा एस.डी.एम. प्रवेश कादियान भी शामिल हुए। सभी अतिथियों का बार एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान गौरव त्यागी, सचिव विवेक त्यागी और उपाध्यक्ष विशाल चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।




**गन्नौर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवनीत कौर, एडीजे नरेंद्र शर्मा, सीजेएम (डीएलएसए) पृच्छता सिंह, एसीजे एसडी विक्रांत, सीनियर डिवीजनल जज मानसी गौड़ कार्यक्रम के दौरान।

### बार एसो. न्यायिक प्रक्रिया में जनसहभागिता का माध्यम

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवनीत कौर ने कहा कि बार एसोसिएशन न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ है। अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में न्याय दिलाने और आमजन के अधिकारों की रक्षा करने में सबसे अहम होती है। एडीजे नरेंद्र शर्मा ने कहा कि न्यायालय और बार का आपसी सामंजस्य ही न्याय व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाता है। एसीजे एसडी विक्रांत ने कहा कि बार एसोसिएशन न केवल अधिवक्ताओं का संगठन है, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रिया में जनसहभागिता का माध्यम भी है। सीनियर डिवीजनल जज मानसी गौड़ ने कहा कि अधिवक्ता के मार्गदर्शन से न केवल आम जनता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने विश्वास दिलाया कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं की समस्याओं को हल करने और न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। समारोह में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल दुल, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश त्यागी, जय भगवान त्यागी, एडवोकेट प्रवीण कौशिक, मुकेश कौशिक, अनिल राठी, सचिव संदीप पंवार, संयुक्त सचिव रण सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष नवीन रांगा, विकास बोरा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता और सदस्य मौजूद रहे।